देश के विभिन्न भागों में नदियों और बांधों का जलस्तर बढ़ा

बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

देश के विभिन्न भागों में गुरुवार को बारिश और नदियों में उफान के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह से अस्तव्यस्त हो गया, कई सड़कें और पुल बह गए और कई गांव जलमग्न हो गए। बचावकर्मियों को बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उत्तर में हिमाचल प्रदेश से लेकर दक्षिण में केरल तक, बारिश के कारण नदियों और बांधों का जलस्तर बढ़ गया और रिहायशी इलाकों एवं कृषि क्षेत्रों में पानी भर गया। हालांकि, कश्मीर में दो दिनों के बाद बारिश में कमी आने से बाढ़ का खतरा कम हो गया है, जिससे राहत मिली है।

हिमाचल प्रदेश में अधिकारियों ने बताया कि रावी नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण कांगड़ा जिले के सुदूर बड़ा बंगाल गांव में कई सरकारी इमारतें बह गईं। उन्होंने बताया कि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बैजनाथ के उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) संकल्प गौतम ने गुरुवार को कहा, 'निचले बड़ा बंगाल में मंगलवार को एक प्राथमिक और उच्च विद्यालय, पंचायत घर, एक आयुर्वेदिक औषधालय और एक नागरिक आपूर्ति भंडार बह गए। नागरिक आपूर्ति भंडार में लगभग 70 क्विंटल राशन रखा था। दो पुलों के बह जाने से गांव राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है।'

फाइल फोटो

उत्तर में हिमाचल प्रदेश से लेकर दक्षिण में केरल तक, बारिश के कारण नदियों और बांधों का जलस्तर बढ़ गया और रिहायशी इलाकों एवं कृषि क्षेत्रों में पानी भर गया। हालांकि, कश्मीर में दो दिनों के बाद बारिश में कमी आने से बाढ़ का खतरा कम हो गया है, जिससे राहत मिली है।

उन्होंने बताया कि संचार व्यवस्था बहुत बुरी तरह प्रभावित हुई है। एसडीएम ने कहा, 'निचले बड़ा बंगाल में रावी नदी के किनारे स्थित मकानों को एहतियात के तौर पर खाली करा दिया गया है। लगभग 180 क्विंटल राशन गांव पहुंचाया जा रहा है, लेकिन सड़कें अवरुद्ध हैं। जरूरत पड़ने पर हवाई जहाज़ से आवश्यक वस्तुएं और दवाइयां पहुंचाई जाएंगी।' गुरुवार को चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग, पंडोह के पास कांची मोड़ पर सड़क का एक हिस्सा धंस जाने के बाद अवरुद्ध हो गया, जिसके परिणामस्वरूप, दोनों तरफ कई वाहन फंस गए।

उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की एक टीम ने कांगड़ा जिले के इंदौरा में अरनी विश्वविद्यालय परिसर में फंसे लगभग 425 छात्रों और शिक्षकों को बचाया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, राज्य के 12 में से 11 ज़िलों में कुल 536 सड़कें बंद हैं। चंबा जिले में संचार नेटवर्क ठप होने के कारण वहां से रपट प्राप्त नहीं हुई है। बंद सड़कों में से 217 मंडी जबकि 167 कुल्लू ज़िले में हैं।

एसईओसी के अनुसार, 20 जून से 26 अगस्त के बीच हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 158 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 38 लोग लापता हैं। राज्य में अब तक अचानक बाढ़ आने की 90, बादल फटने की 42 और बड़े भूस्खलन की 85 घटनाएं हुई हैं। एसईओसी के आंकड़ों के अनुसार, बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य को 2,623 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

कश्मीर में बाढ़ का खतरा गुरुवार को कम हो गया है क्योंकि मौसम में सुधार के साथ ही झेलम नदी एवं अन्य जलाशयों में जलस्तर कम होने लगा है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 12 घंटों में कश्मीर घाटी में बहुत कम बारिश हुई है। उन्होंने बताया कि बारिश कम होने के कारण, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम पर झेलम नदी बाढ़ की चेतावनी के स्तर से नीचे आ गई है। उन्होंने बताया कि हालांकि श्रीनगर में नदी का जलस्तर अब भी खतरे के स्तर से ऊपर है, लेकिन जलस्तर कम होना शुरू हो गया है। नदी की सहायक नदियां भी बाढ़ की चेतावनी के स्तर से नीचे बह रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को जलमग्न हुए इलाकों में भी पानी कम होने लगा है। हालांकि, विभिन्न विभागों द्वारा निगरानी जारी है और टीमें अलर्ट पर हैं। इस बीच कश्मीर के संभागीय आयुक्त अंशुल गर्ग ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'जल स्तर घट रहा है, संगम और राम मुंशीबाग में जल स्तर घट रहा है और अगले कुछ दिनों तक मौसम का पूर्वानुमान ऐसा ही रहेगा।' जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वह कुछ दिनों में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

वंदे भारत एक्सप्रेस में बढ़ाए गए डिब्बे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए सात वंदे भारत ट्रेनों में डिब्बों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया है। इस निर्णय से उक्त ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के पास अतिरिक्त सीट की सुविधा उपलब्ध होगी।

रेल मंत्रालय के अनुसार ट्रेनों में क्षमता के आधार पर वंदे भारत सेवाओं में बड़ा बदलाव करने की योजना बनाई गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 (31 जुलाई 2025 तक) के आंकड़ों को देखते हुए कई ट्रेनों में डिब्बे बढ़ाए जाएंगे। साथ ही पुराने डिब्बों का उपयोग नई सेवाओं के लिए किया जाएगा। फैसले के तहत मौजूदा तीन सोलह डिब्बे वाली वंदे भारत ट्रेनों को बीस डिब्बों में बदला जाएगा। जबकि चार आठ डिब्बे वाली वंदे भारत ट्रेनों को सोलह डिब्बों में उन्नयन किया जाएगा।

इन बदलावों के बाद मुक्त हुए डिब्बों का उपयोग नई वंदे भारत ट्रेनों के संचालन में किया जाएगा। 20 डिब्बों वाली कई वंदे भारत ट्रेन लांच करने के लिए जबकि 16 डिब्बों वाली एक ट्रेन विस्तार के लिए उपलब्ध होगी।अधिकारियों के अनुसार इस फैसले से यात्रियों को काफी लाभ होगा। इन मार्गों पर ज्यादा सीटें उपलब्ध होंगी। लंबी इंतजार सूची से भी राहत मिलेगी। साथ ही जिन मार्ग पर नई वंदे भारत सेवाएं शुरू होंगी।

हरियाणा में दीन दयाल जयंती से मिलेगा लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ

चंडीगढ़, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को राज्य में 25 सितंबर से 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करने की घोषणा कर दी। योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2,100 रुपए की मासिक सहायता दी जाएगी। यह योजना हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के चुनावी वादों में सबसे अहम मानी जा रही थी।

योजना के तहत 25 सितंबर 2025 को 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को लाभ मिलेगा। इसमें उन परिवारों को शामिल किया गया है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम है।

गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को अगले महीने से लागू करने का निर्णय लिया है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की आगामी जयंती 25 सितंबर से इस शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले समय में, चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूहों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।

योजना का लाभ लेने के लिए अविवाहित आवेदनकर्ता का या विवाहित आवेदनकर्ता के पति का हरियाणा में पिछले 15 साल से निवासी होना आवश्यक होगा। योजना के तहत एक परिवार में महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। सरकार की ओर से पहले से चलाई जा रही ऐसी नौ योजनाओं वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता, हरियाणा दिव्यांग पेंशन योजना, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, कश्मीरी विस्थापित परिवारों को वित्तीय सहायता, बौने के लिए भत्ता योजना, तेजाब हमले की पीड़ित महिला और लड़कियों के लिए वित्तीय सहायता, विधवा और अविवाहित महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता, पदम पुरस्कार सम्मानित के लिए हरियाणा गौरव सम्मान सहायता, जिनमें आवेदनकर्ता को पहले से ही अधिक राशि की पेंशन का लाभ मिल रहा है, उन्हें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को मिला एक साल का कार्यकाल विस्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। उनका कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त होने वाला था।

सरकार ने 27 अगस्त 2025 को एक आदेश में कहा, 'मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (सेवानिवृत्त) सतीश कुमार के कार्यकाल को एक सितंबर 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर पुनर्नियुक्ति पर मौजूदा नियम और शर्तों पर या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) विस्तार देने को मंजूरी दे दी है।'

एक सितंबर 2024 को कुमार की प्रारंभिक नियुक्ति के साथ ही वह बोर्ड के इतिहास में अनुसूचित जाति वर्ग से पहले अध्यक्ष और सीईओ बने।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम)
एनएसआईसी, एमडीबीपी बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, नज़दीक एनएसआईसी ओखला मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली-110020

ई-निविदा के लिए निमंत्रण (आईएफबी)

कॉन्कॉर 42 फीट ऊँचे 370 नम्बर 9'6" **42'X8'6"X 9'6"** ओपन टॉप स्टील ड्राई फ्रेट कंटेनरों के डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और आपूर्ति खरीद के लिए दो पैकेट प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका कुल वजन 68000 किलोग्राम है। निविदा का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

निविदा संख्या	CON/A-II/DCONT/42FTOT/2025
कुल अनुमानित लागत	रू. 35,36,46,000/-(सभी सहित)
निविदा दस्तावेजों की लागत (वापसी योग्य नहीं)	रू. 1120/-(सभी सहित) ई-भुगतान के माध्यम से
निविदा प्रसंस्करण शुल्क(वापसी योग्य नहीं)	रू. 3540/-(सभी सहित) ई-भुगतान के माध्यम से
बयाना राशि	रू. 10 लाख ई-भुगतान के माध्यम से
निविदा बिक्री की तिथि (ऑनलाइन)	29.08.2025 (12:00 बजे) से 27.09.2025 (17:50 बजे तक आईएसटी)
बोली पूर्व बैठक	08/09/2025 को 12:00 बजे (आईएसटी)
ऑनलाइन बोली पूर्व बैठक का विवरण	08/09/2025 को 12:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से। लिंक साझा करने के लिए कृपया 08.09.2025 को 09:00 बजे तक मेल आईडी: a2container@concorindia.com पर मेल भेजें।
निविदा जमा करने की तिथि और समय	27.09.2025 (18:00 बजे तक)
निविदा खुलने की तिथि और समय	29.09.2025 को 11:30 बजे (आईएसटी)

संपूर्ण निविदा दस्तावेज़ केवल निविदा बिक्री अवधि के दौरान वेबसाइट (www.tenderwizard.com/CCIL) से देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा सूचना वेबसाइट www.concorindia.co.in और सार्वजनिक खरीद पोर्टल http://eprocure.gov.in की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। ग्रुप महाप्रबंधक/पीएंडएस/क्षेत्र-II, फोन नंबर: 011-41222500 एक्स. 698, 925

PRIME INDUSTRIAL LANDS FOR SALE

Strategic Location in Tehsil Khurja
District : Bulandshahr, Uttar Pradesh

Prime, corporate-owned industrial land parcels with a clear title are now available for sale.

These plots are strategically located near a large integrated warehousing complex, offering excellent connectivity and logistical advantages.

Available Land Parcels (Total Area):

* Village Ibramhimpur, Junaidpur URF Maujpur: 16,510 sq. mtrs (14 Gata Nos)
* Village Sultanpur: 9,210 sq. mtrs (2 Gata Nos)
* Village Nizampur: 27,520 sq. mtrs (13 Gata Nos)

Distinct Land Parcel areas are mentioned in aggregate as per each location.

Interested buyers, please submit your Expression of Interest (EOI) by September 10, 2025 on

Email: rclprop@indusindcapital.com
Phone: 91361 17386

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
CIN: L40101HR1975GOI032564
पंजीकृत कार्यालय: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
ई-मेल: nhpc.jpcl@nhpc.nic.in, ईपीएबीएक्स न.: 0129-2588110 / 2588500
वेबसाइट: www.nhpcindia.com

वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से एनएचपीसी लिमिटेड के साथ जलपावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के समामेलन के लिए आयोजित होने वाली इक्विटी शेयरधारकों की बैठक (बैठक) और ई-वोटिंग के संबंध में सूचना

1. सदस्यगण कृपया ध्यान दें कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के दिनांक 18 जून, 2025 के स्पष्टीकरण पत्र के साथ पठित दिनांक 22 मई, 2025 के आदेश (एमसीए आदेश) के अनुसरण में और कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम), उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (एलओडीआर) के सभी लागू प्रावधानों, एमसीए द्वारा जारी दिनांक 19 सितंबर, 2024 के सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 और तत्संबंधी अन्य परिपत्रों और सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-2/पी/सीआईआर/2024/133 दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 के अनुपालन में एनएचपीसी लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों की बैठक **सोमवार, दिनांक 29 सितंबर, 2025 को दोपहर 12:30 बजे (भारतीय समयानुसार)** वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी)/अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित माना जाएगा। इस बैठक का उद्देश्य एनएचपीसी लिमिटेड (ट्रांसफेरी कंपनी) के साथ जलपावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ट्रांसफरर कंपनी) और उनके संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों के बीच समामेलन की योजना पर विचार करना और यदि उचित हो तो संशोधन या बिना संशोधन के साथ अनुमोदित करना है।
2. एमसीए के आदेशों और सुसंगत परिपत्रों के अनुपालन में, बैठक की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से 31.03.2024 अर्थात एमसीए द्वारा निर्धारित कट-ऑफ तिथि के सदस्यों को भेजी गई है जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के पास पंजीकृत हैं। बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.nhpcindia.com, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर, और ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (केफिन) की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध है।
3. सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि:
   क. उपर्युक्त प्रावधानों और एमसीए परिपत्रों और 22 मई, 2025 के एमसीए आदेश के अनुपालन में, कंपनी ने 31.03.2024 (अर्थात एमसीए द्वारा निर्धारित कट-ऑफ तिथि) के सभी सदस्य, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी/आरटीए के पास पंजीकृत हैं को स्पष्टीकरण के साथ बैठक की सूचना ("सूचना") की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजने का कार्य पूरा कर लिया है।
   ख. मेसर्स केफिन द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक माध्यम अर्थात बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग और बैठक के दौरान ई-वोटिंग से बैठक में पारित किए जाने वाले प्रस्ताव(वों) पर मतदान करने के लिए कंपनी अपने सदस्यों को सुविधा प्रदान कर रही है। वी.सी./ओ.वी.एम. के माध्यम से बैठकों में शामिल होने, बैठकों से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से या बैठकों के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके के बारे में विस्तृत अनुदेश बैठकों की सूचना की टिप्पणियों में दी गई हैं।
   ग. केवल वे सदस्य जिनके नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 22 सितंबर, 2025 के अनुसार कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी भागीदार(रों) द्वारा बनाए गए लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे बैठक के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग द्वारा अपने वोट डालने के पात्र हैं;
   घ. **रिमोट ई-वोटिंग की अवधि गुरुवार, 25 सितंबर, 2025, सुबह 9:00 बजे (भारतीय समयानुसार) से शुरू होकर रविवार, 28 सितंबर, 2025, शाम 5:00 बजे (भारतीय समयानुसार) को समाप्त होगी।** रविवार, 28 सितंबर, 2025 को शाम 5:00 बजे (भारतीय समयानुसार) के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
   ङ. कोई सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग ले सकता है, लेकिन उसे बैठक में दोबारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी;
   च. कोई भी व्यक्ति, जिसने शेयर अर्जित किए हैं और सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी का इक्विटी शेयरधारक बन गया है और जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार पात्र शेयरधारक हैं, वह ई-वोटिंग सेवा प्रदाता, अर्थात मेसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (केफिन) से https://evoting.kfintech.com पर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
   छ. मेसर्स ए. कौशल एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज, नई दिल्ली के श्री अमित कौशल (सदस्यता संख्या एफ 6230, सीओपी संख्या 6663) और उनकी अनुपस्थिति में श्री आलोक कुमार त्रिपाठी (सदस्यता संख्या ए 27448, सीओपी संख्या 13447), ई.मेल पता: aka_pcs@yahoo.com को संपूर्ण ई-वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया गया है।
   ज. जिन सदस्यों को नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, वे nhpc.jpcl@nhpc.nic.in पर लिख सकते हैं और ईमेल द्वारा इसे प्राप्त कर सकते हैं या कंपनी की वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।
4. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी प्रश्न के मामले में, आप https://evoting.kfintech.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800-309-4001 पर कॉल कर सकते हैं या einward.ris@kfintech.com पर अनुरोध भेज सकते हैं।
5. सदस्य ई-वोटिंग से संबंधित प्रश्नों/शिकायतों, यदि कोई हो, के समाधान के लिए केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक श्री एन. श्याम कुमार से संपर्क संख्या 040-67162222 या ई-मेल आईडी: einward.ris@kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।
6. सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक की सूचना में दिए गए सभी टिप्पणियां विशेष रूप से बैठक में शामिल होने के अनुदेश, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका तथा बैठक के दौरान ई-वोटिंग के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ें।

उपरोक्त सूचना कंपनी के सभी सदस्यों के लाभ के लिए जारी की जा रही है और यह अधिनियम तथा एमसीए और सेबी द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन में है।

एनएचपीसी लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से
हस्ता./-
दिनांक: अगस्त 28, 2025 (अमित गुप्ता)
स्थान : फरीदाबाद प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

!!शेयरधारक ध्यान दें!!

1. जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपना केवाईसी अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे केवाईसी-पैन (आधार से लिंक), पिन कोड के साथ पता, बैंक विवरण, नामांकन, मोबाइल और ईमेल आईडी को डीपी (इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग के मामले में)/आरटीए (भौतिक होल्डिंग के मामले में) के माध्यम से अद्यतन करें।
2. जिन शेयरधारकों का अंतरण अनुरोध दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्यथा के कारण दिनांक 01.04.2019 से पहले अस्वीकृत/वापस कर दिया गया/नहीं लिया गया और जो दिनांक 31.03.2021 तक अंतरण का अनुरोध पुनः दर्ज नहीं कर सके, उनसे अनुरोध है कि वे दिनांक 06.01.2026 तक कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास इसे पुनः दर्ज करा दें।
3. जिन सदस्यों ने पिछले वर्षों के अपने लाभांश वारंट भुनाए नहीं हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने डीपी (डीमैट रूप में रखे गए शेयर (रों) के मामले में) के साथ अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट करें या आरटीए (भौतिक रूप में रखे गए शेयर (रों) के मामले में) से संपर्क करें। बैंक खाता विवरण अपडेट करने के बाद, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से अपने अप्रदत्त लाभांश को जारी करने के लिए आरटीए/कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।
4. अपने अप्रदत्त लाभांश (शों) का दावा करें, ताकि निम्न परिस्थितियों से बचा जा सके:
   - विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफ) को किसी भी अप्रदत्त/अदावाकृत लाभांश का हस्तांतरण, जो 7 वर्ष की अवधि के लिए अप्रदत्त या अदावाकृत रहा हो;
   - आईईपीएफ प्राधिकरण को उन शेयरों का हस्तांतरण जिनके संबंध में लगातार 7 वर्षों या उससे अधिक समय तक लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है।

(अधिक जानकारी के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट www.nhpcindia.com का अवलोकन करें)

कार्यालय उप वन संरक्षक, झालावाड
Tele Fax No-07432-232230 Email Id-dcfjhalawar1967@gmail.com
मांक एफ ( ) मु०ज०स्वा०यो०/उवसं/2025-26/9431 दिनांक 18.08.2025

खुली ई-निविदा सूचना संख्या 19/2025-26

झालावाड़ वन मंडल अधीन रेंजों में विभिन्न योजना अंतर्गत अग्रिम विकास एवं मृदा जल संरक्षण हेतु (डिच फेसिंग, एमपीटी / सीसीटी) इत्यादि विकास कार्यों हेतु Bids are invited from interested bidders **From 18.08.2025 Upto 08.09.2025 (Time 6:00 PM)** Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in. http://sppp.raj.nic.in)** of the state; and Forest department website. The approximate value of the procurement is Rs. 4,06,69,297/- (e procurement no. 2025_FORES_495024_1)
UBN. FOR2526WS0B01394
NIB. FOR2526A1102

हस्ता./-
(सागर पवार IFS)
उप वन संरक्षक
झालावाड़

DIPR/C/12138/2025

कार्यालय अधीक्षक, जनाना अस्पताल, जयपुर
क्रमांक:- ज.अ.ज./ लेखा-स्टोर/2025-26/355 दिनांक:-20/08/2025

निविदा सूचना (NIB)

इस चिकित्सालय के प्रयोग हेतु आवश्यक जेनेरिक ड्रग एवं मेडिसिन की आपूर्ति हेतु दर संविदा के अन्तर्गत सेवायें उपलब्ध कराने हेतु, अधीकृत पंजीकृत / अनुभवी फर्मों से खुली निविदा के माध्यम से दर सविंदा बोली आमंत्रित की जाती है। बोली की अन्य नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत जानकारी राज्य सरकार के उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in / http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं	कार्य का विवरण	UBIN No	बोली प्रारम्भ तिथि	बोली की अंतिम तिथि	निविदा अवधि	अनुमानित लागत
1.	इस चिकित्सालय के प्रयोग हेतु आवश्यक जेनेरिक ड्रग एवं मेडिसिन की आपूर्ति हेतु	SMS2526GLRC00264	19.08.2025 सांय 5.00 बजे से	15.09.2025 सांय 05.00 बजे तक	01 वर्ष	200.00 लाख

हस्ता./-
अधीक्षक
जनाना अस्पताल, जयपुर

DIPR/C/12227/2025 **Dated** 27/08/2025

CORRIGENDUM TO PRE ISSUE ADVERTISEMENT DATED AUGUST 26, 2025

*This advertisement is for information purposes only and not for publication, distribution, or release directly or indirectly outside India. This is not an announcement for the Offer Document. All capitalized terms used herein and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the Letter of Offer dated **August 21, 2025** (the **"Letter of Offer" or "LOF"**) filed with the BSE Limited (**"BSE"**) and National Stock Exchange of India Limited (**"NSE"**), and the Securities and Exchange Board of India (**"SEBI"**).*

SARVESHWAR FOODS LIMITED

Corporate Identity Number: L15312JK2004PLC002444

Our Company was originally incorporated as "Sarveshwar Overseas Private Limited" on August 03, 2004, as a private limited company under the Companies Act, 1956 pursuant to a certificate of incorporation dated August 03, 2004, issued by the Registrar of Companies, Jammu & Kashmir. Subsequently the name of our company was changed to "Sarveshwar Organic Foods Private Limited" and a fresh certificate of incorporation was issued dated April 13, 2010, issued by the Registrar of Companies, Jammu & Kashmir. Further our company was converted into a public limited company and consequent the name of our company was changed to "Sarveshwar Organic Foods Limited" pursuant to fresh certificate of incorporation dated June 29, 2010, issued by the Registrar of Companies, Jammu & Kashmir. Further, the name of the company was changed to Sarveshwar Foods Limited and a fresh certificate of incorporation dated June 29, 2015, issued by the Registrar of Companies, Jammu.

Registered Office: Sarveshwar House below Gumat Jammu, Jammu & Kashmir-180001 India.
Corporate Office: B-612 Kanakia Wall Street, Chakala, Andheri (East) – 400093, Mumbai.
Telephone: 0191 45 24399 | **E-mail:** cs@sarveshwarrice.com | **Website:** www.sarveshwarfoods.com
Contact Person: Sadhvi Sharma, Company Secretary and Compliance Officer.

CORRIGENDUM TO PRE ISSUE ADVERTISEMENT DATED AUGUST 26, 2025: NOTICE TO SHAREHOLDERS (THE "CORRIGENDUM")

PROMOTER OF OUR COMPANY: MR. ROHIT GUPTA

FOR PRIVATE CIRCULATION TO THE ELEGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF SARVESHWAR FOODS LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") ONLY

ISSUE OF UP TO 24,99,10,469 FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 1 EACH OF OUR COMPANY (THE "RIGHTS EQUITY SHARES") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 6 PER RIGHTS EQUITY SHARE (INCLUDING A PREMIUM OF ₹ 5 PER RIGHTS EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING UP TO ₹ 14,994.63 LAKH* ON A RIGHTS BASIS TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 12 (TWELVE) RIGHTS EQUITY SHARES FOR EVERY 47 (FORTY SEVEN) FULLY PAID-UP EQUITY SHARE HELD BY THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON AUGUST 22, 2025 (THE "ISSUE"). FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 77 OF THE LETTER OF OFFER.

**Assuming full subscription in the issue. Subject to finalization of the Basis of Allotment.*

This is with reference to the Pre Issue Advertisement dated August 26, 2025 filed with the BSE Limited (**"BSE"**) and National Stock Exchange of India Limited (**"NSE"**), and the Securities and Exchange Board of India (**"SEBI"**) (for information purpose only).

Applicants/ Investors/ Shareholders are requested to take a note of the following amendment/substitute / Modification w.r.t disclosure of Specific Investor mentioned in Pre Issue Advertisement dated August 26, 2025. Name of the Specific Investor i.e. SPV Finserve Private Limited shall be substituted and will be read as Animax Ventures Private Limited. Further the paragraph to be accordingly read as mentioned below.

SPECIFIC INVESTORS: Our Promoter Mr. Rohit Gupta vide letter dated August 11, 2025 had informed us that he will be renouncing its part of his Rights Entitlement in favour of the Specific Investor(s) in accordance with Regulation 77B(1)(a) of the SEBI ICDR Regulation. The details are as follows:

Sr. No.	Name of Specific Investors (Renouncee)	Name of Promoter (Renouncer)	Number of Rights Entitlements Renounced
1	Animax Ventures Private Limited	Rohit Gupta	2,00,00,000

This Corrigendum to the Pre Issue Advertisement shall form an integral part of the Pre Issue Advertisement dated August 26, 2025, which has already been circulated to the Applicants/Investors/Shareholders of the Company and from the date hereof, the Pre Issue Advertisement dated August 26, 2025 shall always be read in conjunction with this Corrigendum. Accordingly, all concerned Applicants/Investors/shareholders, Stock Exchanges, SEBI, Depositories and Registrar and Share Transfer Agent and all other concerned persons/authorities are requested to take note of the above change. All other contents of the Pre Issue Advertisement dated August 26, 2025, are same and except as modified or supplemented by this Corrigendum, shall remain unchanged.

For Sarveshwar Foods Limited
Sd/-
Ms. Sadhvi Sharma
Company Secretary & Compliance Officer

Date: August 28, 2025
Place: Jammu

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा – आर ओ एस ए आर बी, ईस्ट दिल्ली
पता– 8718, प्रथम तल, डीबी गुप्ता मार्ग, रामनगर, पहाड़गंज, नई दिल्ली 110055, ईमेल: SAREDL@bankofbaroda.co.in

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस,
परिशिष्ट-**IV-A** [नियम **8 (6)**देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ